an>

Title: Regarding spread of Japanese Encephalities disease in Uttar Pradesh.

श्री जगदम्बिका पाल : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का समय दिया।

महोदय, दो दिन पूर्व पेशावर में एक घटना हुई, जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल के 132 बच्चों को आतंकवादियों ने निर्मम ह्त्या कर दी। घटना पाकिस्तान की है, लेकिन इससे दोनों मुल्कों की सरहदें टूट गयीं। भारत की लोक सभा में सबसे पहले, क्वैश्चन आवर से भी पहले उन बच्चों को श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे सदन ने मौन रखा। उन 132 बच्चों की मौत ने पूरे भारत को मर्माहत कर दिया। ऐसा लगा कि जैसे वे हमारे बच्चे हों। जिस तरह से उन्हें गोलियों से भून दिया गया, उसका बहुत दुःख है।

आज गोरखपुर मेडीकल कॉलेज की एक छत के नीचे 1 जनवरी से 17 दिसम्बर तक, यह गोरखपुर मेडीकल कॉलेज के रिकॉर्ड्स पर है कि एक छत के नीचे एक मेडीकल कॉलेज में 603 बच्चों की मौत हो गई। वे 603 बच्चे देश के भविष्य थे, देश की दुनिया की किसी भी ऊंचाइयों और कामयाबियों पर जा सकते थे। यह बात मैं समझता हूं कि 1978 में जो बीमारी गोरखपुर के पूर्वांचल से शुरू हुई, आज वह गोरखपुर से लेकर न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि देश के 11 राज्यों में चली गई। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, मणिपुर, वेस्ट बंगाल, आज पूरे देश में हजारों मौतें हो रही हैं। यह दुर्भाग्य है कि आज तक उस वॉयरस का कोई इलाज नहीं हुआ, प्रिवेंटिव के जो वेक्सीनेशन हैं, वह शत-प्रतिशत नहीं हो रहा है। हम कब सचेत होंगे, अगर हमारे घर के 603 बच्चों की एक मेडीकल कॉलेज में मौत हो जाए, बिहार में दो सौ मौतें हो गई, असम में 295 मौतें हो गई, वेस्ट बंगाल में तीन सौ मौतें हो गई। ऐसे उस एक्यूट इन्सेफलाइटिस सिंड्रोम के बारे में बताया गया है और हर्षवर्धन जी का भी बयान है, this disease is a mystry and still we do not know the reason for it. अगर अन्नोन रीज़न है तो मैं समझता हूं कि इस वॉयरस के वेक्टर बोर्न डिसीज़ के लिए कोई कंट्रोल प्रोग्राम हम करेंगे। जो बच्चे बच जाते हैं, विकलांग हो जाते हैं, एक तो गरीब की गरीबी का अभिशाप और वह बच्चा पूरी जिन्दगी के लिए बोझ बन जाता है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से चाहता हूं कि इस बीमारी के इलाज के लिए कोई रिसर्च हो, दवाओं का ईजाद हो। उन बच्चों को मौत के मुंह से बचाएं।